वर्षः- 06
अंकः- 05
मुरादाबाद
(Sunday)
26 April 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## जयंती पर याद किए गए हेमवती नंदन बहुगुणा, सीएम योगी बोले- वह भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे




राजधानी लखनऊ में हेमवती नंदन बहुगुणा को जयंती पर लोगों ने याद दिया। पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौक पर सीएम योगी ने कहा कि वह भारतीय राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे।राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा का जन्म पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। वह भारत की राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे। भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल रहे। यूपी में मुख्यमंत्री और मंत्री के रूप में भूमिका निभाई। केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों में भी अपनी सेवाएं दीं।

## संक्षिप्त समाचार

### मालेगांव धमाके: ओवैसी बोले- बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ NIA की अपील की संभावना कम, यह पीड़ितों से धोखा

एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि 2006 के मालेगांव बम धमाके के मामले में चार आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ एनआईए के सुप्रीम कोर्ट जाने की संभावना बहुत कम है, जो पीड़ितों के साथ धोखा है। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को कहा कि इस बात की संभावना बहुत कम है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) साल 2006 के मालेगांव विस्फोट मामले में चार आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करेगी। उन्होंने इसे पीड़ितों के साथ %विश्वासघात% करार दिया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख ओवैसी ने कहा, %ये धमाके खासतौर पर एक समुदाय के लोगों को निशाना बनाकर किए गए थे। लेकिन, शायद आदतन जांच एजेंसियों ने पहले नौ मुसलमानों को गिरफ्तार किया, जिन्हें आखिरकार 2016 में बरी कर दिया गया।असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या कहा? कहा, क्या एनआईए इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी? इसकी संभावना बहुत कम है। यह सभी पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ धोखा है। यह एक और ऐसा आतंकी हमला होगा

## AAP सांसदों के इस्तीफे पर सियासतः अन्ना हजारे ने की आलोचना, कहा- स्वार्थ के लिए राजनीतिक दल बदलना उचित नहीं



आम आदमी पार्टी के सात सांसदों की तरफ से भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद से देश में सियासत गरमा गई है। वहीं इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने इसकी आलोचना की है। इधर, भाजपा ने सभी सांसदों का स्वागत है, जबकि कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछा है।आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा समेत छह अन्य सांसदों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के फैसले ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इस घटनाक्रम पर जहां सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने इसे आलोचना की है, वहीं भाजपा नेताओं ने इसे पार्टी के प्रति बढ़ते विश्वास का संकेत करार दिया है।अपने स्वार्थ के लिए राजनीतिक दल बदलना उचित नहीं%- अन्ना हजारे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल होना सही नहीं है... अपने स्वार्थ के लिए राजनीतिक दल बदलना उचित नहीं है। हमारे संविधान में इसका कोई उल्लेख नहीं है। हमारा संविधान सर्वोपरि है। हमारा देश संविधान के आधार पर ही चलता है।भाजपा ने किया स्वागत, कहा- बढ़ते विश्वास का प्रतीक- भाजपा नेताओं ने इस इस्तीफे का पुरजोर स्वागत करते हुए इसे पार्टी के नेतृत्व और नीतियों में बढ़ते विश्वास के रूप में प्रस्तुत किया है। भाजपा, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि यह कदम एक व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जहां राजनीतिक नेता भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के शासन मॉडल को दिया। सरावगी ने कहा कि जो लोग प्रधानमंत्री के कार्यों और भाजपा की नीतियों में विश्वास रखते हैं, वे अब पार्टी की ओर देख रहे हैं। अन्य पार्टियों के अच्छे लोग भाजपा में विश्वास विकसित कर रहे हैं और शामिल होने के इच्छुक हैं। आप अपने सिद्धांतों से भटक गई है- भाजपा- वरिष्ठ भाजपा नेता राम कृपाल यादव ने आप पर उसके संस्थापक सिद्धांतों से भटकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस आम आदमी पार्टी को अरविंद केजरीवाल ने कभी गरीबों और शोषितों की पार्टी बताया था, वह अब सब कुछ भूल चुकी है, और इसी कारण लोग भी उन्हें भूल रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आप पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया कि पार्टी अब %आम आदमी पार्टी% नहीं, बल्कि %अकेले अरविंद की पार्टी% बन गई है। उन्होंने कहा कि केवल अरविंद केजरीवाल और उनके कुछ अनुयायी ही सुरक्षित रहेंगे। जो लोग राजनीति में बदलाव लाने का वादा करके आए थे, वे खुद बदल गए। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग अन्ना हजारे का हाथ पकड़कर आए थे, वे अब लालू यादव से जुड़ गए हैं। जो वीआईपी संस्कृति से दूर रहने की बात करते थे, वे शीश महल (महंगे आवास) में बदल गए।%आप के आंतरिक मुद्दे और भविष्य की ओर संकेत%- जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि जिस तरह से राघव चड्ढा के साथ व्यवहार किया गया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा, अरविंद केजरीवाल द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों को निभाते हुए एक विश्वसनीय सलाहकार और रणनीतिकार के रूप में कार्य कर रहे थे। परंतु, अरविंद केजरीवाल ने अपने वफादार नेताओं की उपेक्षा की, और अब उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। कांग्रेस ने अरविंद केजरीवाल से पूछा सवाल- कांग्रेस नेता अभिषेक दत्त ने तो यहां तक कह दिया कि वह दिन दूर नहीं जब अरविंद केजरीवाल स्वयं आम आदमी पार्टी के साथ भाजपा में विलीन हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें अरविंद केजरीवाल की एक बात समझ नहीं आती कि जब स्वाति मालीवाल और राघव चड्ढा खुले तौर पर उनका विरोध कर रहे थे, तो उन्होंने उन्हें पार्टी से निलंबित या निष्कासित क्यों नहीं किया? वे अभी भी पार्टी में क्यों रखे गए थे?

## स्वाति मालीवाल का AAP से इस्तीफाः राज्यसभा सांसद बोलीं- मैं PM मोदी के नेतृत्व पर भरोसा करके भाजपा में आई



राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप पार्टी छोड़ने के बाद कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने घर में गुंडे से पिटाई करवाई और केस वापस लेने का दबाव डाला। जबकि पीएम मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया। राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एक इंटरव्यू में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला है। स्वाति मालीवाल ने कहा कि मैंने आप छोड़ दी है और भाजपा में शामिल हो गई हूं। मालीवाल ने रचनात्मक राजनीति करने के इच्छुक सभी लोगों से भाजपा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि वह 2006 से अरविंद केजरीवाल के साथ काम कर रही थीं। उन्होंने हर आंदोलन में उनका साथ दिया। मालीवाल ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने उनके घर में एक गुंडे से पिटाई करवाई। आवाज उठाने पर उन्हें धमकाया गया। उन पर एफआईआर वापस लेने का बहुत दबाव डाला गया। पार्टी ने उन्हें दो साल तक संसद में बोलने का अवसर नहीं दिया। इसे उन्होंने बहुत शर्मनाक बताया। उन्होंने केजरीवाल को महिला-विरोधी भी कहा। केजरीवाल पर गंभीर आरोप- मालीवाल ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी पंजाब को रिमोट से नियंत्रित कर रही है। । जो नेता आवाज उठाते हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होती है। केजरीवाल भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी के लिए जाने जाते हैं। मोदी के नेतृत्व पर विश्वास- मालीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया। मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विकास के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए हैं।

## संजय सिंह बोलेरू राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखेगी AAP सात बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने की करेंगे मांग



आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी के सात राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के निर्णय को असंवैधानिक बताते हुए उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की है। आप नेता संजय सिंह ने शनिवार को कहा कि पार्टी राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सांसदों को उच्च सदन से अयोग्य घोषित करने का अनुरोध करेगी।दल-बदल विरोधी कानून का हवाला- संजय सिंह ने कहा कि दल-बदल विरोधी कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुट का कोई कानूनी मान्यता नहीं है, भले ही उसमें दो-तिहाई बहुमत क्यों न हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि न तो दल-बदल विरोधी कानून और न ही संविधान की दसवीं अनुसूची किसी भी राज्यसभा या लोकसभा में विभाजन, अलग गुट या समूह को मान्यता देती है। आप ने विलय को बताया अवैधानिक और अवैध- आप नेता ने भाजपा में शामिल होने वाले सात सांसदों के कदम को पूरी तरह से %अवैधानिक% और %अवैध% बताया। उन्होंने कहा कि वे उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति को पत्र लिखकर इन सात सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग कर रहे हैं।सात सासंदों ने की पार्टी से बगावत- शुक्रवार को, आप के राज्यसभा सांसदों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने घोषणा की थी कि वे और चार अन्य पार्टी सांसदों के साथ भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, चड्ढा ने कहा था कि आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से सात भाजपा के साथ विलय करने के लिए तैयार हैं। आप के इस कदम से राज्यसभा में राजनीतिक गरमाहट बढ़ने की उम्मीद है। पार्टी का मानना है कि सांसदों का यह कार्य दल-बदल विरोधी कानून का उल्लंघन है और उनकी सदस्यता रद्द होनी चाहिए। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि राज्यसभा के सभापति इस मामले में क्या निर्णय लेते हैं।

## केजरीवाल के घर की तस्वीरें फर्जी : आतिशी का प्रवेश वर्मा को जवाब, सीएम और एलजी को अपना घर खोलने की दी चुनौती



दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने प्रवेश वर्मा के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि केजरीवाल के घर की तस्वीरें फर्जी हैं। किसका घर कितना आलीशान है, इसका पता करने के लिए रेखा गुप्ता और एलजी साहिब अपना-अपना घर खोल दें।आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने भाजपा नेता परवेश साहिब सिंह द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज किया है। प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास को लेकर आरोप लगाए थे। आतिशी ने इन दावों को %फर्जी% बताया है।सीएम और एलजी को आतिशी की चुनौती
आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रवेश वर्मा द्वारा जारी सभी तस्वीरें फर्जी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये केजरीवाल के घर की तस्वीरें नहीं हैं। आतिशी ने रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल को अपने घरों को सार्वजनिक रूप से खोलने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल भी अपना घर खोलेंगे और जनता खुद फैसला करेगी। सौरभ भारद्वाज ने सात सांसदों के मामले पर की टिप्पणी- आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने भी भाजपा में शामिल हुए सात सांसदों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आप के सच्चे स्वयंसेवक सरकारी एजेंसियों से कभी नहीं डरेंगे। भाजपा नेता प्रवेश साहिब सिंह ने केजरीवाल के नए टाइप-सात सरकारी बंगले को %शीश महल भाग दो% कहा था। उन्होंने केजरीवाल पर दिल्ली के लोगों को धोखा देने का आरोप लगाया।शीश महल 2.0% पर प्रवेश वर्मा का आरोप प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल के साधारण जीवन जीने के वादे को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने सरकारी सुविधाओं का उपयोग न करने का वादा किया था। अब वे 95 लोधी एस्टेट में एक नए बंगले में रहते हैं। भाजपा नेता ने दावा किया कि बंगले में निवेश किया गया पैसा सरकारी नहीं, बल्कि निजी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल का बेडरूम गोवा के सात सितारा होटल जैसा दिखता है और इसमें कुल पांच बेडरूम हैं। केजरीवाल हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी में 95 लोधी एस्टेट स्थित एक नए टाइप-सात सरकारी बंगले में स्थानांतरित हुए हैं। शीश महल को लेकर आरोप पिछले साल पहली बार सामने आए थे। तब भाजपा ने 6 फ्लैगस्टाफ बंगले के नवीनीकरण पर अत्यधिक खर्च का आरोप लगाया था। भाजपा ने केंद्रीय सतर्कता आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई थी। मंत्री वर्मा ने यह भी कहा कि केजरीवाल ने कोविड के दौरान शीश महल बनवाया।

## संपादकीय Editorial

### Trump no longer wants war!

About two and a half hours before the ceasefire was to expire, President Trump announced an "indefinite ceasefire." The ceasefire will continue until negotiations between the US and Iran are held. Iran, on the other hand, remains firm on its demand and condition that no talks will take place until the blockade of the Strait of Hormuz and Iranian ports is lifted. Iran has also questioned the duplicitous role of Pakistan, the "postman." Indeed, Iran no longer trusts Pakistan to even act as a neutral messenger. US intelligence agencies have also reported that Pakistan's Field Marshal, General Munir, could betray the US. He was very close to the assassinated Iranian General Soleimani and still maintains good relations with IRGC commanders. However, the US President's language has changed significantly. He no longer makes statements like sending Iran back to the "Stone Age" and destroying civilization. Trump is now making fewer statements about destruction and devastation. The focus of the war between President Trump and Iran has shifted to the Strait of Hormuz. The US blockade will continue, but Iranian forces are attacking container ships. Iran has also attacked three ships and seized two, one of which was due to arrive at the Indian port of Mundra, Gujarat. The US's massive navy has failed to harm Iran, or it is now being lenient. The issue of Iran's nuclear program and the approximately 440 kg of enriched uranium is far behind. Indian defense experts claim that the US will eventually give Iran a 20-year grace period to continue its nuclear program. After that, Iran will have to dismantle it and hand it over to the US. Who saw 20 years? Neither we will be there, nor Trump will certainly be in such a position. A decision to postpone the issue may be made. Reducing Iran's missile range or limiting them to ballistic missiles is no longer a focus. In fact, President Trump now wants to get out of the war. He has been given reports that between 50% and 20% of THAAD, Patriot, and precision, "SM"-class, high-end missiles have been used in the war. If a conflict arises with a country like China, the US will be incapable and helpless even for a few days of fighting. Sufficient production of these missiles could take 3-5 years. Furthermore, President Trump's acceptance rate within the US itself is only 30-32%. There is widespread anger and resentment against him in Parliament and among the public. Midterm elections are scheduled for November 7th, for which the candidate selection process is scheduled to begin in May. In such a situation, Trump's compulsion regarding a ceasefire is understandable, but the question facing President Trump is: what will he tell America: did he win the war or did he have to leave it incomplete? In either case, he will be questioned and humiliated. However, numerous efforts are being made to end the war and open the Strait of Hormuz for safe navigation. India's Defense Minister Rajnath Singh has also made an important statement that India can now mediate. Prime Minister Modi has spoken with the leaders of both countries. The rest of the world also wants India to play this role. The war must end at any cost. The war has caused a loss of more than $50 billion in oil. With the efforts of France and Britain, 30 countries are jointly discussing the opening of the Strait of Hormuz. However, Iran continues to threaten to attack waterworks, power plants, and oil and gas facilities in the Gulf countries and Israel. Nearly 150,000 US troops and large warships are also present surrounding Iran. Can the war end even under such circumstances? It has often been observed that war only causes losses to both sides, so engaging in war is considered unwise. This war, too, must end as soon as possible.

# A School of Learning: The elderly are not just memories of the past, but a book of life experiences.

The elderly are not just memories of the past, but a book of life experiences that guide us today and inspire us to make a better tomorrow. Their silence often teaches us what words can never express. Today's world is so engrossed in the allure of youth that it leaves behind experience, patience, and the depth of life. But the truth is that aging is a process of the body, not of the mind. An elderly person possesses a treasure trove of memories, a sea of ??learning, and an amazing capacity to understand life. In our society, there's often a perception that as one ages, one's usefulness diminishes. But this thinking is incomplete. In fact, the elderly have experienced every aspect of life—joy, sorrow, struggle, love, and loss. This experience makes them strong, sensitive, and wise. They are not just memories of the past, but a book of life experiences that guide us today and inspire us to make a better tomorrow. They hold stories that can reveal an untold truth of our lives. Indeed, elders have experienced every aspect of life—joy, sorrow, struggle, love, and loss. This experience makes them strong, sensitive, and wise. They are not just memories of the past, but a book of life experiences that guide us today and inspire us to make a better tomorrow. They hold stories that can reveal an untold truth of our lives. Their silence often teaches us what words can never express. We must learn to count the good days in life. We must treasure those beautiful moments in our hearts, so that those memories can sustain us in difficult times. Learn to recognize every day, every smile, every little joy, and make it a part of our lives. When night falls, be satisfied that this day was not wasted, but rather became a treasure of your memories. The company of elders teaches us that life is not just a race, but a journey of experiences. They teach us to be patient, nurture relationships, and find solace in small joys. Their presence makes a house a home, and their words give meaning to life. We must give them time, respect them, and learn from them. Because the day we understand their experiences, we will learn to live life truly. Elders are the roots of our past and the foundation of our future.

# Second Innings: Embrace Changes Gracefully; Experience and Confidence Enhance True Beauty



As I age, I'm increasingly concerned about the physical and mental changes that older women experience. What should I do? Psychologist Neelkanth offered this advice to 55-year-old Mrs. Tandon, worried about the fears of aging: "Physical and mental changes are natural with aging, but it's not the case that older women's beauty deteriorates or that they become naturally arrogant. Older women exude a dignity and grace, achieved through years of hope, struggle, and perseverance. Older women are like the light of a twinkling star in the universe. Take my wife. When we first met in ninth grade, she was the most beautiful girl in the class. At 14, her beauty was so captivating, it was like the first draft of a great work of art. But today, at 75, she looks more beautiful than ever." Her shiny white hair is so brilliant that people stop her on the street to admire it. Her beauty is enhanced by a mix of sorrows and joys. I've watched this transformation over the decades. Her eyes are the embodiment of deep contemplation, as if an important thought has been formulated. Her skin is still soft. Only the wrinkles on her neck betray her age. I've also seen women who feared these changes and had extensive facial work done. I always wondered where their wrinkles went. Women play different roles at different stages of life—a romantic wife and lover; an enthusiastic and caring mother; an advocate for children's rights; a trusted friend to other women. At each stage, there's a clear evolution in their character. Older women have personalities that clearly reflect their experiences. Passion, confidence, and charisma—elderly women are filled with these qualities. This is what makes them so attractive. It's not just my wife; all the older women I know are incredibly progressive and always looking forward. They're always doing something. My wife belongs to a group of older friends who call themselves the "Morning Glories." They start their day by texting about politics, world events, and family. They're all wise, fun, and treat the end of their lives as if it were the beginning. I also know older women who, from humble and quiet beginnings, managed to forge their own unique identities. So, take a cue from these women and let go of the fears that come with aging and embrace every change naturally, living life creatively.

# Politics and Policy: Why is the Madhya Pradesh BJP eyeing the Avinashi seat in Tamil Nadu?

Murugan's election to the Avinashi seat in Tamil Nadu has created a stir within the Madhya Pradesh BJP regarding the Rajya Sabha seat. Following the Singrauli incident, IPS transfers are possible. Madhya Pradesh BJP leaders are eyeing the Tamil Nadu Assembly seat, Avinashi. Union Minister of State for Information and Broadcasting Dr. L. Murugan, a Rajya Sabha member from Madhya Pradesh, is contesting this seat. If Murugan wins, he will, as per rules, have to decide within 14 days whether he will retain his Rajya Sabha seat or return to the Assembly with his winning seat. The BJP views him as an influential leader in Tamil Nadu, so it is believed that Murugan will vacate his Rajya Sabha seat. Consequently, many Madhya Pradesh BJP leaders are eyeing this assembly seat. The lessons of Singrauli will be reflected in the IPS reshuffle! The transfer list of IPS officers in Madhya Pradesh, expected to be released in the next few days, will undoubtedly reflect the lessons of Singrauli. Sources indicate that the SPs of fifteen districts and three to four range IGs may be replaced. A lot of effort has already been put into the list, but current circumstances could also have an impact. Of particular note is the daylight bank robbery in Singrauli a week ago. Following this, insider reports suggest that the performance of current Superintendents of Police and Range IG-level officers is being re-evaluated, which could impact the transfer list. Collectors and SPs refrain from spending the night in villages! The government intends to require Collectors and SPs to spend the night in villages to understand the ground realities of administrative systems. Chief Minister Dr. Mohan Yadav has already issued instructions regarding this at the Collector-Commissioner Conference. The Chief Minister has mandated that Collectors and SPs stay in villages, hold village meetings, and directly communicate with villagers. It will be interesting to see how many Collectors and SPs spend the night in villages in the coming days following the Chief Minister's warning. The transfer policy is being carefully crafted in light of the census work - the transfer season is back in Madhya Pradesh. The government's "transfer policy" is set to be unveiled in a few days. It's believed that the ban on transfers will be lifted for approximately one month after May 15th. This time, the census work is also interrupting the process. A key feature of the proposed transfer policy will be that, as per the Government of India's directives, field officers and employees engaged in the census work will not be transferred. The policy will be presented to the state cabinet meeting by the end of this month or in the first week of next month. Chief Minister Dr. Yadav has already conveyed to ministers and MLAs that the transfer system will remain largely the same as last year.If Murugan wins, he will, as per rules, have to decide within 14 days whether he will retain his Rajya Sabha seat or return to the Assembly with his winning seat. The BJP views him as an influential leader in Tamil Nadu, so it is believed that Murugan will vacate his Rajya Sabha seat. Consequently, many Madhya Pradesh BJP leaders are eyeing this assembly seat. The lessons of Singrauli will be reflected in the IPS reshuffle! The transfer list of IPS officers in Madhya Pradesh, expected to be released in the next few days, will undoubtedly reflect the lessons of Singrauli. Sources indicate that the SPs of fifteen districts and three to four range IGs may be replaced. A lot of effort has already been put into the list, but current circumstances could also have an impact. Of particular note is the daylight bank robbery in Singrauli a week ago. Following this, insider reports suggest that the performance of current Superintendents of Police and Range IG-level officers is being re-evaluated, which could impact the transfer list. Collectors and SPs refrain from spending the night in villages! The government intends to require Collectors and SPs to spend the night in villages to understand the ground realities of administrative systems. Chief Minister Dr. Mohan Yadav has already issued instructions regarding this at the Collector-Commissioner Conference. The Chief Minister has mandated that Collectors and SPs stay in villages, hold village meetings, and directly communicate with villagers. It will be interesting to see how many Collectors and SPs spend the night in villages in the coming days following the Chief Minister's warning. The transfer policy is being carefully crafted in light of the census work - the transfer season is back in Madhya Pradesh. The government's "transfer policy" is set to be unveiled in a few days. It's believed that the ban on transfers will be lifted for approximately one month after May 15th. This time, the census work is also interrupting the process. A key feature of the proposed transfer policy will be that, as per the Government of India's directives, field officers and employees engaged in the census work will not be transferred. The policy will be presented to the state cabinet meeting by the end of this month or in the first week of next month. Chief Minister Dr. Yadav has already conveyed to ministers and MLAs that the transfer system will remain largely the same as last year.

# नशे में ड्राइवरों के बीच झड़पः दिल्ली हाईवे पर पलटी स्लीपर बस, 50 से ज्यादा जख्मी, शीशे तोड़ 150 को निकाला

सीतापुर से हरियाणा जा रही करीब 150 श्रमिकों से भरी स्लीपर बस मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 50 से अधिक लोग घायल हो गए। यात्रियों के अनुसार, दोनों ड्राइवर नशे में थे और स्टीयरिंग को लेकर थे। मुरादाबाद में शुक्रवार देर रात लेकर हरियाणा जा रही एक स्लीपर मूंढापांडे थाने से आगे निकलते ही सवार श्रमिक परिवारों में चीख पुकार रुके, लोग मदद को दौड़े। किसी 150 लोगों को बाहर निकाला मौके पर पहुंची। करीब पचास से जा रहे हैं। जिन्हें मुरादाबाद व भेजा गया है। घायल श्रमिकों ने हादसे नशे में होकर बस चलाने के लिए है, जिसके कारण बस अनियंत्रित से एक स्लीपर बस श्रमिक व उनके के लिए रवाना हुई थी। बस में करीब दो ड्राइवर थे, शाम को रास्ते में बस श्रमिकों के साथ साथ दोनों ड्राइवरों ने बताया कि जब बस ढाबे से चली



आपस में खींचतान कर रहे सीतापुर जिले से श्रमिकों को बस दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पलट गई। जिससे बस में मच गई। आते जाते वाहन तरह शीशे तोड़कर अंदर फंसे गया।सूचना पर पुलिस भी अधिक लोग घायल बताए आसपास के अस्पतालों में की वजह दोनों ड्राइवरों के स्टीयरिंग की खींचतान करना होकर पलट गई।सीतापुर जिले परिवारों को लेकर हरियाणा 150 लोग सवार थे,। बस में एक ढ़ाबे पर रुकी, जहां ने भी खाना खाया। श्रमिकों तो कुछ ही देर बाद लगा कि दोनों ड्राइवर नशे में हैं।एक ड्राइवर बस चला रहा था, तभी दूसरा ड्राइवर बस चलाने के लिए स्टीयरिंग पकड़ने लगा। मुरादाबाद जिले में मूंढ़ापांडे थाने से आगे निकलते ही दोनों ड्राइवर बस चलाने के लिए लड़ने लगे। इसी खींचतान के बीच बस हाईवे पर लहराने लगी लेकिन ड्राइवर फिर भी शांत नहीं हुए और आखिरकार रात करीब 10-45 बजे बस अनियंत्रित होकर पलट गई।अधिकतर श्रमिक सीटों पर सो रहे थे, बस के पलटते ही चीख पुकार मच गई। मदद के लिए पहुंचे राहगीरों और पुलिस ने बस के शीशे तोड़कर किसी तरह अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास शुरू किए गए। एसपी ट्रैफिक सुभाषचंद्र गंगवार भी अपनी टीम के साथ पहुंचे।मुरादाबाद, रामपुर, मूढ़ापांडे में स्थित अस्पतालों में डॉक्टरों व स्टाफ को तत्काल बुला लिया गया। 23 घायलों को मुरादाबाद, शेष अन्य घायलों को मूढ़ापांडे, रामपुर व अन्य अस्पतालों को भेजा गया। करीब 50 लोग घायल बताए जा रहे हैं।इसमें सीतापुर के अमन (16), संभा देवी (38), सुधा (36), उनके पति कमलेश (50), राम किशोर (36), पूनम (33), रमन (15), उसकी बहन शिवानी (18), लेखराज (50), उनकी पत्नी राधा (45), उनकी बेटी मुस्कान (17), ओमकार (16). शाहजहांपुर के नन्हें लाल (43), उनकी पत्नी लाली देवी (40), उनकी बेटी वर्षा (17), लखीमपुर गंगाराम (18) आदि शामिल हैं। घायलों का उपचार शुरू करा दिया गया है।

# स्कूल का जर्जर भवन बन रहा छात्रों की जान पर आफत

मुरादाबाद । प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को कान्वेंट स्कूलों की तर्ज पर सुविधा देने का सरकारी फरमान कागजों में दम तोड़ रहा है। महानगर के कई स्कूलों के साथ ही दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण स्कूलों की हालत और भी भ्रमण कार्यक्रमों में सरकारी की उपस्थिति, शिक्षकों की के उच्चाधिकारी के आदेश शिक्षाधिकारियों की नींद नहीं ब्लॉक के एक स्कूल मात्र जर्जर है। बिलारी ब्लॉक के (अंग्रेजी माध्यम) के भवन के इस स्कूल में एक कमरा है कि इसके सीलिंग का गया है। दीवारों के ईंटें से बदहाली को निहार रहे छात्र नामांकित हैं। जबकि के आसपास पहुंच जाती है। के इस सरकारी स्कूल की संकट खड़ा हो रहा है। 15 सुध लेने की जहमत किसी






खस्ता है। मुख्यमंत्री के आगामी स्कूलों के भवनों की स्थिति, छात्रों संख्या देखे जाने को लेकर विभाग के बाद भी जिले में टूट रही है। यह स्थिति बिलारी की नहीं है। कई स्कूलों की हालत अन्तर्गत प्राथमिक स्कूल भिंडवारी की स्थिति जर्जर है। पांच कमरों लगभग दो दशक से इतना जर्जर प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ प्लास्टर गिरे प्लास्टर के झरोखे हैं। इस स्कूल में वर्तमान में 130 नामांकन बढ़ने पर यह संख्या 150 ग्रामीण क्षेत्र में यह अंग्रेजी माध्यम बदहाली से बच्चों की शिक्षा पर वर्षों से खस्ताहाल इस कमरे की शिक्षाधिकारी ने नहीं उठाई। स्कूल बिलारी-सिरसी मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के चलते बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अधिकतर समय स्कूल का गेट बंद रखना शिक्षकों की लाचारी है। इस स्कूल में प्रधानाध्यापक सहित 6 शिक्षक हैं। लेकिन फिर भी यहां संसाधन को ठीक करने में विभाग की रूचि नहीं दिख रही है।प्राथमिक स्कूल भिंडवारी (अंग्रेजी माध्यम) के प्रधानाध्यापक विशाल यादव का कहना है कि स्कूल के इस जर्जर कमरे का उपयोग छात्रों की पढ़ाई में नहीं हो पाता है। उन्होंने बताया कि 2010 से वह इस दूरस्थ विद्यालय में तैनात हैं। स्कूल के इस जर्जर कमरे को ठीक कराने के लिए उन्होंने ब्लॉक के पूर्व खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से उच्चाधिकारियों को भी पत्र लिखकर आग्रह किया। लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## नकली सामान बेचने में फंसा दुकानदार, रिपोर्ट

रामपुर। चंडीगढ़ की एक कंपनी के नकली उत्पाद बेचने के मामले में शहर कोतवाली में दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।चंडीगढ़ में स्पीड सर्च सिक्योरिटी नेटवर्क के नाम से एक कंपनी है। यह कंपनी विभिन्न प्रोजेक्ट तैयार करती है। कंपनी के जांच अधिकारी शिवम गुप्ता के अनुसार कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि रामपुर में एक दुकानदार कॉपीराइट कर कंपनी के नकली उत्पादों की बिक्री कर रहा है। जिससे कंपनी की छवि को नुकसान पहुंच रहा है।शिवम गुप्ता के अनुसार इसके बाद वह रामपुर पहुंचे और शहर कोतवाली क्षेत्र में नगर पालिका के पीछे मोहल्ला घेर दरिया खां स्थिति नईम अहमद की दुकान पर छापा मारा। वहां पर उनको भारी मात्रा में कंपनी के नाम के नकली उत्पाद मिले। इसके बाद उन्होंने सभी सामान को जब्त कर लिया और कोतवाली पुलिस को सूचना दी। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि शिवम की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दुकानदार नईम अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## 10 दिन में पूरी करें सभी किसानों की रजिस्ट्री, नहीं तो होगी कार्रवाई

रामपुर। डीएम ने शुक्रवार को जिला सहकारी बैंक सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने फॉर्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने और लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने 10 दिन के भीतर इसे पूरा करने के निर्देश भी दिए।डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अब तक नहीं बन पाई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने चेताया कि फार्मर रजिस्ट्री न होने की स्थिति में किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उर्वरक सब्सिडी समेत अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकते हैं।डीएम ने ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल एवं पंचायत सहायकों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 10 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करने को कहा। बैठक में उप निदेशक कृषि राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 3,07,015 कृषकों के सापेक्ष अब तक 2,63,524 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो चुकी है, जबकि शेष 43,491 किसानों की फार्मर आईडी बननी अभी बाकी है।

## स्वार में बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई, भीषण गर्मी से हाहाकार

स्वार। भीषण गर्मी के बीच हो रही कटौती से आम जनता परेशान है। दिन-रात की अनियमित आपूर्ति के चलते घरों में पानी की किल्लत के साथ-साथ जरूरी कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं।शुक्रवार को पारा अपने चरम पर रहा। आसमान से मानो आग बरस रही हो। ऊपर से बिजली की समस्या ने परेशानी और बढ़ा दी। आपात कटौती नियमित रूप से हो रही है। इसके अलावा लोकल फॉल्ट की वजह से आपूर्ति कभी भी ठप हो जाती है। शुक्रवार को लो वोल्टेज की समस्या अधिक रही। पंखे सिर्फ धीमी गति से घूमते रहे, जिससे लोग पसीने से तर-बतर रहे।बिजली की समस्या का असर बाजारों पर भी साफ नजर आ रहा है। व्यापार मंडल के नेता शिव औतार मन्नू ने बताया कि लगातार हो रही कटौती और लो वोल्टेज के चलते व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। रेडीमेड कारोबारी रूबी सैफी का कहना है कि दुकानों पर ग्राहक बहुत कम आ रहे हैं। बिजली न होने से कारोबार ठप पड़ रहा है, जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।इस संबंध में एसडीओ विद्युत हरि दीपक यादव ने बताया कि ओवरलोड के कारण वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल होते ही वोल्टेज अपने आप सामान्य हो जाएगा।

## सरकथल गांव में जर्जर रास्तों से तीन हजार लोग परेशान

दढ़ियाल। नगर के ग्राम सरकथल के लोग ओवरहेड टैंक के न होने के कारण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस गर्मी के सीज़न में भी उन्हें शुद्ध पानी पीने को नहीं मिल पाएगा। क्योंकि यहां पर अभी तक ओवरहेड टैंक बना ही नहीं है।नगर के ग्राम सरकथल के निवासियों सोमपाल सिंह, तेजवीर सिंह, धर्मवीर सिंह, जितेंद्र पाल सिंह, गोविंद सिंह, ग्रीस सिंह, मेघराज, भानु प्रताप सिंह, पूरन सिंह आदि ने बताया कि गांव की आबादी करीब तीन हजार है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा घर-घर जलापूर्ति योजना के तहत हमारे गांव में अभी तक कोई ओवरहेड टैंक नहीं बना है, ठेकेदार करीब ढाई वर्ष पूर्व सिर्फ बोरिंग कर चले गए हैं और गांव की कुछ सड़कों में पाइप लाइन बिछाई है। जिसके कारण गांव की सड़कें खस्ताहाल हैं। लगता है कि इस भीषण गर्मी के सीज़न में भी शुद्ध पानी का लाभ नहीं मिल पाएगा। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बिजली भी पर्याप्त समय तक नहीं मिल पाती, जिसके कारण घरेलू वाटर टैंक भी नहीं भर पाते, जिसके कारण पानी की समस्या बनी रहती है। वहीं त्रिवेणी शुगर मिल गांव के नजदीक होने के कारण हैंडपंपों में शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। जिस जगह पर ओवरहेड टैंक बनाया जा रहा था, वह जगह कागजों में खलियान की थी। टैंक बनने के दौरान गांव के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। इसके चलते ओवर हेड टैंक का कार्य रुक गया है।-राजवीर सिंह ग्राम प्रधान सरकथल- लोगों से बातचीत- गांव के पास शुगर मिल है, जिस कारण हैंडपंपों में शुद्ध पानी नहीं मिल पाता। गर्मी शुरू हो गई हैं। गांव में हर व्यक्ति को शुद्ध पानी की आवश्यकता है।-गोविंद सिंह शुद्ध पानी न मिलने से हमारे बच्चे आए दिन बीमार हो जाते हैं, मेहनत मजदूरी कर बच्चों का इलाज कराते हैं।-हरकेश सिंह टूटी सड़कों की वजह से बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। अक्सर बाइक फिसल जाती है, और लोग घायल हो जाते हैं।-चौधरी विजय सिंह गांव में शुद्ध पानी पीने को नहीं मिलता, कच्चे पानी की वजह से अक्सर पीलिया होने का खतरा बना रहता है।

### संक्षिप्त समाचार

## नए कानून के तहत प्रशिक्षित 4950 सिपाहियों का पहला बैच यूपी पुलिस को मिलेगा, 26 अप्रैल को पीओपी

मुरादाबाद में ट्रेनिंग पूरी करने वाले 4950 सिपाही रविवार को यूपी पुलिस में शामिल जाएंगे। यह नए कानून के तहत प्रशिक्षित वाला पहला बैच है। करीब नौ माह की ट्रेनिंग के बाद इनमें 1740 महिला सिपाही भी शामिल हैं। 26 अप्रैल को पुलिस



लाइन में पासिंग आउट परेड होगी यूपी पुलिस को रविवार को मुरादाबाद से 4950 सिपाही मिलेंगे। यह पहला बैच होगा, जिसने नए कानून के हिसाब से ट्रेनिंग पूरी की है। शुक्रवार को मुरादाबाद के छह संस्थानों में फाइनल रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। जिसमें सभी रंगरूट सिपाही की पूरी ड्रेस में मैदान में उतरे।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया उत्तीर्ण करने वाले चयनित 60 हजार 244 अभ्यर्थियों में से करीब पांच हजार अभ्यर्थियों को मुरादाबाद के छह ट्रेनिंग सेंटरों में भेजा गया था। 20 जुलाई 2025 से अभ्यर्थियों की ट्रेनिंग शुरू हुई। नौ माह तक इनडोर और आउटडोर विषयों की परीक्षा कराने के बाद इनके रिजल्ट भी घोषित कर दिए गए हैं। इन छह केंद्रों में चार हजार 4950 प्रशिक्षु सिपाही परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं। इनमें 1740 महिला सिपाही हैं। 26 अप्रैल को इनकी दीक्षांत परेड होगी। पुलिस लाइन में परेड की रिहर्सल के दौरान एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह और एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार मौजूद रहे। एसपी लाइन सुभाषचंद्र गंगवार ने बताया कि पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग राजीव सभरवाल रहेंगे। ट्रेनिंग सेंटर सिपाहियों की संख्या- पुलिस लाइन 955 पीटीसी 1460 महिला सिपाही पीटीएस 1375 24वीं वाहिनी पीएसी 440 9वीं वाहिनी पीएसी 280 महिला सिपाही 23वीं वाहिनी पीएसी 440 योग 4950

## सलाखों के पीछे से लिखी सफलता की कहानी, मुरादाबाद में तीन बंदियों ने हासिल की प्रथम श्रेणी

मुरादाबाद जिला जेल में बंद तीन बंदियों अनुज, पंकज गुप्ता और रोहित कुमार ने मेहनत के दम पर यूपी बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की है। एक अन्य बंदी आकाश कुमार असफल रहा। मुरादाबाद जिला जेल में बंद तीन बंदियों ने अपनी मेहनत और लगन से यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। इन बंदियों ने सलाखों के पीछे रहते हुए शिक्षा की नई कहानी लिखी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में बंदी अनुज ने 429 अंक प्राप्त किए।उसने 71.6 फीसदी अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में बंदी पंकज गुप्ता ने 343 अंक हासिल किए। पंकज ने 68.6 फीसदी अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। रोहित कुमार ने 342 अंक पाकर 68.4 फीसदी के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। एक अन्य बंदी आकाश कुमार ने भी इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। हालांकि वह अनुत्तीर्ण हो गया।जमानत पर हैं तीन बंदी- मुरादाबाद। मुरादाबाद जेल के इन बंदियों ने अपनी परीक्षाएं बरेली सेंट्रल जेल में दी थीं। इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दोनों बंदी और अनुत्तीर्ण होने वाले तीसरा बंदी जमानत पर जेल से रिहा हो चुके हैं। वह अब अपनी आगे की पढ़ाई और जीवन की नई शुरुआत कर सकते हैं। दूसरी ओर हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाला बंदी अनुज अभी भी जेल में ही बंद है। जेल प्रशासन उसके भविष्य की शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जेल प्रशासन का सहयोग- जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने हाईस्कूल पास करने वाले बंदी अनुज को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने अनुज को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यह पहल बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होगी। जेल प्रशासन शिक्षा के माध्यम से बंदियों के पुनर्वास पर जोर दे रहा है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नकल पर सख्ती, व्यवस्था पर नजर : होमगार्ड भर्ती परीक्षा में डीएम का औचक निरीक्षण





क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । जिले में होमगार्ड इनरोलमेंट परीक्षा को निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। यह परीक्षा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित की जा रही है, जो 25, 26 और 27 अप्रैल को जिले के 19 केंद्रों पर दो पालियों में हो रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रथम पाली में पीएम राजकीय इंटर कॉलेज और तिलक इंटर कॉलेज में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था और निगरानी प्रणाली को बारीकी से परखा। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से परीक्षा कक्षों की निगरानी की, जहां सभी कैमरे सुचारू रूप से संचालित पाए गए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नि रीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होती नजर आई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बरेली में श्रम कानून संहिताओं व डेटा संरक्षण कानून पर आईसीएआई संगोष्ठी संपन्न



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । आईसीएआई की बरेली शाखा द्वारा श्रम कानून संहिताओं एवं डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 विषय पर एक ज्ञानवर्धक संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सदस्यों को नवीन विधिक प्रावधानों तथा उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग के प्रति जागरूक करना रहा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सीए रूचि गुप्ता (जयपुर) एवं सीए सिद्धार्थ अग्रवाल (मंदसौर) ने अपने विचार व्यक्त किए। सीए रूचि गुप्ता ने नए श्रम कानून संहिताओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके प्रभाव और अनुपालन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वहीं, सीए सिद्धार्थ अग्रवाल ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के प्रमुख प्रावधानों, इसके व्यावसायिक प्रभावों तथा अनुपालन की चुनौतियों को सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम का संचालन सीए नीरज अग्रवाल (अध्यक्ष) के नेतृत्व में किया गया, जबकि सत्र की अध्यक्षता सीए अखिल रस्तोगी ने की। इस अवसर पर शाखा के पदाधिकारी सीए गौरव अग्रवाल (सचिव), सीए अंकित मेहरा (कोषाध्यक्ष) एवं सीए अमित टंडन (कार्यकारिणी सदस्य) भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में वरिष्ठ सदस्यों की उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिनमें सीए प्रदीप तिवारी, सीए रमण बजाज, सीए रविंद्र अग्रवाल, सीए संजीव अग्रवाल, सीए संजय गुप्ता, सीए मयंक अग्रवाल, सीए अंकुश रस्तोगी एवं सीए योगेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। बरेली शाखा ने भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## IVRI इज्जतनगर में 27 वीं प्रसार परिषद की बैठक हुई संपन्न

# शोध और खेत के बीच दूरी घटाने, संतुलित उर्वरक उपयोग व नई रणनीतियों पर हुआ मंथन




क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा /बरेली ,आईसीएआर-भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जतनगर में आज 27वीं प्रसार परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र के विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, राज्य विभागों के अधिकारियों तथा किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में चल रही प्रसार गतिविधियों की समीक्षा करना, नई रणनीतियां तैयार करना तथा किसानों तक वैज्ञानिक तकनीकों का प्रभावी हस्तांतरण सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक एवं संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेन्द्र भट्टा ने कहा कि शोध और खेत के बीच की दूरी को कम करने में विस्तार सेवाएं बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्रों और अटारी के माध्यम से तकनीकों के प्रसार, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और किसानों के फीडबैक के आधार पर सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. भट्टा ने संस्थान की दृश्यता बढ़ाने के लिए 'ओपन डे', लघु वीडियो निर्माण और स्कूल-कॉलेजों के साथ संवाद जैसे नवाचार अपनाने की बात कही। साथ ही प्रभाव आकलन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं विकसित करने पर भी जोर दिया। वहीं, आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (कृषि प्रसार) डॉ. आर. आर. बर्मन ने संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग से मृदा स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने मिट्टी परीक्षण, सॉयल हेल्थ कार्ड, जैविक खाद और बायोफर्टिलाइज़र के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने वर्ष 2030 तक उर्वरक उपयोग में 25 प्रतिशत कमी के राष्ट्रीय लक्ष्य की जानकारी देते हुए ग्रीन मैन्योरिंग, अजोला, वर्मी कम्पोस्ट और बायोफर्टिलाइज़र पर प्रदर्शन कार्य करने का सुझाव दिया। अटारी कानपुर के निदेशक डॉ. राघवेंद्र सिंह ने कहा कि आईवीआरआई द्वारा विकसित 'पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज' को कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने जैविक इनपुट्स और मृदा कार्बन सुधार पर भी जोर दिया। प्रसार शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एच. आर. मीना ने पिछले वर्ष की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि पिछली बैठक की 18 सिफारिशों को पूर्ण रूप से लागू किया जा चुका है। संयुक्त निदेशक (प्रसार शिक्षा) डॉ. रूपसी तिवारी ने बताया कि संस्थान द्वारा 15,521 प्रसार गतिविधियों के माध्यम से लगभग 1.45 लाख लाभार्थियों तक पहुंच बनाई गई, जिसमें महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। उन्होंने कहा कि फार्म स्कूल, प्रशिक्षण, परामर्श सेवाएं और तकनीकी साहित्य के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही किसानों की जरूरतों के अनुरूप 'पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज' तैयार किए जा रहे हैं, जिससे आगामी तीन वर्षों में प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जा सके। डॉ. तिवारी ने बताया कि विभिन्न राज्यों के साथ समन्वय बैठकों के जरिए क्षेत्रीय जरूरतों की पहचान की गई है और ओडिशा सरकार द्वारा आईवीआरआई को नॉलेज पार्टनर बनाने का प्रस्ताव भी संस्थान की विश्वसनीयता को दर्शाता है। उन्होंने युवाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम, स्टार्टअप अवसरों की जानकारी, लो-कॉस्ट तकनीकों का प्रचार और स्वदेशी पशु नस्ल संरक्षण जैसे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एच. आर. मीना ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आर. एस. सुमन द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) डॉ. एस. के. सिंह, संयुक्त निदेशक (शिक्षा) डॉ. एस. के. मेंदिरत्ता, संयुक्त निदेशक (कैडराड) डॉ. सोहनी डे, रजिस्ट्रार राजीव लाल सहित विभिन्न विभागाध्यक्ष, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

# महिला रिक्रूट्स के सम्मान में 'बड़ा खाना'- कमिश्नर डीएम, एडीजी सहित

## प्रशासनिक अधिकारियों ने दिखाया परिवार जैसा अपनापन



क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। पुलिस विभाग ने अनुशासन के साथ-साथ अपनापन और सम्मान की मिसाल पेश करते हुए, बरेली में पुलिस कल्याण गतिविधियों के अंतर्गत महिला रिक्रूट आरक्षियों के सम्मान में सामूहिक भोज यानी बड़ा खाना कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में हुआ, जहां 783 महिला रिक्रूट्स के सफल प्रशिक्षण पूर्ण होने की खुशी साफ झलक रही थी। आपको बताते चलें कि 26 अप्रैल शुक्रवार को प्रस्तावित पासिंग आउट परेड से पहले यह कार्यक्रम उनके उत्साहवर्धन और सम्मान के लिए रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा सहित कमिश्नर व जिला अधिकारी अविनाश सिंह, डी आईजी अजय कुमार साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। खास बात ये रही कि सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद अपने हाथों से महिला रिक्रूट्स और पुलिसकर्मियों को भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर खाना खाया-जिससे पूरे माहौल में एक परिवार जैसा अपनापन देखने को मिला। इस दौरान प्रशिक्षण से जुड़े करीब 150 कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों ने महिला रिक्रूट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा और समाज सेवा का संदेश दिया।

# अफवाहों पर लगाम! पेट्रोल-डीजल भरपूर, PNG कनेक्शन अब 90 दिन में अनिवार्य - डीएम का सख्त संदेश




क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । जनपद में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बड़ा बयान देते हुए साफ कर दिया है कि किसी भी प्रकार की कमी नहीं है और अफवाह फैलाने वालों पर नजर रखी जा रही है। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित हुई महत्वपूर्ण बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, सीयूजीएल के अधिकारियों, एलपीजी गैस एजेंसी संचालकों और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ समीक्षा की गई।जिला धिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां पीएनजी गैस लाइन उपलब्ध है, वहां 90 दिनों के भीतर कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा, अन्यथा एलपीजी आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। अधिकारियों ने जानकारी दी कि ग्रीन पार्क और महानगर क्षेत्र के करीब 80त्त घरों में क्क्षत्त कनेक्शन पहले ही दिए जा चुके हैं, जबकि सुभाषनगर के शांतिबिहार क्षेत्र में भी आपूर्ति शुरू हो गई है। डीएम ने इस व्यवस्था को तहसील स्तर तक विस्तार देने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि गर्मी को देखते हुए एलपीजी एजेंसियों पर उपभोक्ताओं के लिए टेंट, पीने का पानी और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विवाह सीजन को ध्यान में रखते हुए गैस एजेंसियों ने अब तक 9800 से अधिक सिलेंडर वितरित किए हैं, जिससे किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन का उपयोग करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाराज अग्रसेन में होर्मुज जलडमरूमध्य: ऊर्जा सुरक्षा का प्रवेश द्वार – संगोष्ठी सम्पन्न






क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य- ऊर्जा सुरक्षा का प्रवेश द्वार विषय पर शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. आर.पी. सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. तरुण पाण्डेय ने प्रस्तुत की।

संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने विषय पर अपनेअपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि ने भू-राजनीति में जलमार्गों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से कच्चा तेल और गैस का परिवहन होता है। वर्तमान ईरान-अमेरिका तनाव के कारण इस मार्ग पर प्रभाव पड़ रहा है, जिससे वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। शैक्षिक उन्नयन समिति के चेयरमैन ने अन्य महत्वपूर्ण जलडमरूमध्यों की जानकारी दी, जबकि निदेशक ने तेल-गैस की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी संगोष्ठियां विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होती हैं। मंच संचालन राकेश कुमार ने किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# विश्व मलेरिया दिवस पर पीलीभीत में चला जागरूकता अभियान



क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / पीलीभीत - विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जनपद में मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम मलेरिया को समाप्त करने का दृढ़ संकल्प-अब हमें करना ही होगा के तहत स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत में समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा विद्यालयों के सहयोग से रैलियां निकालकर जनमानस को मलेरिया से बचाव के प्रति सचेत किया गया। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए कि सभी ज्वर (बुखार) से पीड़ित मरीजों की मलेरिया जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। संक्रमित मरीज मिलने पर उनके परिवार एवं आसपास के क्षेत्रों में सर्वे कर रोग की रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही कम से कम 10 प्रतिशत आबादी की जांच का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विभाग द्वारा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत कूलर, पानी की टंकियों, गमलों, पुराने टायरों एवं अन्य जलभराव वाले स्थानों को साफ रखने की अपील की गई है। जनपद में एंटी-लार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग का कार्य संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत लगातार कराया जा रहा है। आगामी 1 मई से प्रभावित क्षेत्रों में अवशेषी कीटनाशक का छिड़काव भी शुरू किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2023 में 1,47,422 जांचों में 563, वर्ष 2024 में 2,19,123 जांचों में 414 तथा वर्ष 2025 में 2,30,487 जांचों में 713 मलेरिया मरीज पाए गए। वर्ष 2026 में अप्रैल माह तक 29,561 जांचों में 3 मरीज चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि मलेरिया से बचाव के लिए घरों के आसपास जलभराव न होने दें तथा बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जांच कराएं। जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर मलेरिया की जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है।

# रात के अंधेरे में चल रहा था 'ओवरलोड खेल', प्रशासन की सख्त कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच /अरविंद कुमार / पीलीभीत - जनपद में खटीमा-पूरनपुर मार्ग पर रात्रि के समय ओवरलोड वाहनों के संचालन की मिल रही लगातार शिकायतों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बड़ा अभियान चलाया। परिवहन विभाग, वन विभाग और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने जंगल क्षेत्र से गुजरने वाले मार्गों पर विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाकर अवैध खनन माफियाओं पर शिकंजा कस दिया। अभियान के दौरान खनन सामग्री ढो रहे 5 ओवरलोड वाहनों को रोककर जब जांच की गई, तो सभी वाहन बिना वैध ई-रवन्ना/ई-ट्रांजिट पास (ईएसटीपी) के संचालित पाए गए। यह नियमों का सीधा उल्लंघन था। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों का चालान कर उन्हें निरुद्ध कर दिया। जब्त किए गए वाहनों को मुस्तफाबाद वन चौकी में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई के तहत वाहनों पर क्रमशः ?80,000, ?72,000, ?76,000, ?78,000 और ?25,000 का जुर्माना लगाया गया। इस पूरी कार्रवाई में करीब ?3.30 लाख का राजस्व वसूल किया गया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि खटीमा मार्ग से रात के समय जंगल के रास्तों से ओवरलोड वाहनों के संचालन की सूचना मिल रही थी। इसी के आधार पर जिला खनन अधिकारी सुभाष सिंह और महोफ रेंज के रेंजर सहेंद्र यादव के साथ समन्वय बनाकर यह संयुक्त अभियान चलाया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में ओवरलोडिंग और अवैध खनन के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो और सरकारी राजस्व की हानि पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कैमिकल फैक्टरी में लगी भीषण आग, ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से धमाके; जाने बचाने के लिए इधर-उधर भागे मजदूर

ऑक्सीजन के कैन और वहां रखे सिलिंडरों में आग लगने के कारण ये धमाके हुए। सिलिंडर फटने से फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। यूपी के गाजियाबाद स्थित मसूरी थाना क्षेत्र के दीनानाथ पुरी पुट्ठी स्थित एक केमिकल फैक्टरी में शनिवार दोपहर दो बजे अचानक आग लग गई। इस फैक्टरी में ऑक्सीजन कैन फीलिंग और पेंट का काम होता था। आग लगने से कई जोरदार धमाके हुए।जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे मजदूर- ऑक्सीजन के कैन और वहां रखे सिलिंडरों में आग लगने के कारण ये धमाके हुए। सिलिंडर फटने से फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों में हड़कंप मच गया। मजदूर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू- सूचना मिलने पर अग्निशमन दल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग बुझाने में 10 गाड़ियों ने कई फेरे किए। आग पर काबू और जनहानि- अग्निशमन दल ने बमुश्किल आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। सीएफओ राहुल पाल के अनुसार, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। यह एक राहत भरी खबर है कि किसी मजदूर को चोट नहीं आई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



# टीबी-मुक्त भारत अभियान: सीएचसी मल्हीपुर में 100 मरीजों को पोषण किट, जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने किया वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती प्रधानमंत्री टीबी-मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मल्हीपुर में 100 उपचाराधीन टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गईं। कार्यक्रम %निक्षय मित्र पहल अभियान% के तहत आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने कहा卐प्रधानमंत्री जी के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। निक्षय मित्र बनकर मरीजों को पोषण और भावनात्मक सहयोग देना पुनीत कार्य है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सन्त कुमार ने बताया कि निक्षय मित्र योजना में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व गणमान्य नागरिक मरीजों को गोद लेकर छह माह तक पोषण किट उपलब्ध कराते हैं। इससे मरीजों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और रिकवरी तेज होती है। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र कुमार, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. दिवाकर सिंह, डीपीसी रवि कुमार मिश्र, वीपीएम अब्दुल रहमान, पंकज कुमार शर्मा, अन्य निक्षय मित्र, मरीज व परिजन उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने टीबी के लक्षण, बचाव व नि:शुल्क उपचार की जानकारी दी योजना के तहत कोई भी व्यक्ति या संस्था टीबी मरीज को गोद लेकर 6 माह तक पोषण, जाँच व भावनात्मक सहयोग देता है। पोषण किट से मरीज की इम्युनिटी बढ़ती है।





# सेवा, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम – कोल्हुआ भाठपारा में नि:शुल्क सेवा कार्य



क्यूँ न लिखूँ सच / चांदनी बिहारपुर। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा जिले के दूरस्थ एवं विद्युत विहीन क्षेत्र ग्राम कोल्हुआ भाठपारा में नि:शुल्क सेवा कार्य का आयोजन किया गया।
यह सेवा कार्यक्रम अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम (पड़ाव, वाराणसी) के तत्वावधान में ग्राम के पंडोंपारा में आयोजित हुआ, जहां जरूरतमंद ग्रामीणों को जीवनरक्षक सामग्री वितरित की गई।
कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 501 नग जीवन रक्षक घोल (ह्रक्र) एवं 101 नग अंगवस्त्र का वितरण किया गया। इस दौरान 105 जरूरतमंद माताओं, बुजुर्गों एवं युवाओं को राहत सामग्री प्रदान कर उन्हें भीषण गर्मी से बचाव हेतु सहायता दी गई।
सेवा कार्य के पीछे आध्यात्मिक प्रेरणा अघोरेश्वर महाप्रभु अवधूत भगवान राम एवं बाबा गुरुपद संभव राम की कृपा और मार्गदर्शन को बताया गया।
कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने बताया कि समाज सेवा ही सच्ची भक्ति है, और इसी भावना के साथ दूरस्थ क्षेत्रों में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।
ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य भीषण गर्मी के समय में उनके लिए अत्यंत राहतकारी साबित हो रहे हैं।

# नाला खुदाई के दौरान धंसी मिट्टी, मलबे में दबे मजदूर, एक की मौत, दो सकुशल निकाले



अलीगढ़ शहर में इन दिनों सड़क और नाला निर्माण का कार्य चल रहा है। रेलवे रोड क्षेत्र में नाला खोदाई का काम चल रहा था, तभी मिट्टी धंस गई। मिट्टी के मलवे में एक मजदूब दब गया। अलीगढ़ के व्यस्ततम इलाके रेलवे रोड पर 25 अप्रैल को सड़क निर्माण और नाला खोदाई के दौरान हादसा हो गया। अचानक मिट्टी धंसने से वहां काम कर रहे तीन मजदूर मलबे के नीचे दब गए। मलबे में राजकुमार, राहुल और महेंद्र दबे थे। राहुल और राजकुमार को सकुशल निकाल लिया गया था। महेंद्र की मौत हो गई है। इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपर नगर आयुक्त का घेराव किया।हादसे के बाद की स्थिति- घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों और राहगीरों ने कड़ी मशक्कत कर दबे हुए मजदूरों को बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही नगर निगम के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। एक मजदूर महेंद्र की हालत नाजुक देखते हुए नगर निगम की टीम उसे तत्काल उपचार के लिए ले जाने लगी। टीम घायल मजदूर को पहले जेएन मेडिकल कॉलेज ले जाना चाहती थी,
लेकिन वहां चल रही हड़ताल की खबर मिलते ही उन्हें अपना इरादा बदलना पड़ा। समय की नजाकत को देखते हुए अधिकारियों ने मजदूर को आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महेंद्र की उपचार के दौरान मौत हो गई। बाहर निकल गए मजदूर राजकुमार ने बताया कि सुरक्षा मानको की अनदेखी की जा रही थी और जबरन काम कराया जा रहा था। व्यापारियों में आक्रोश- हादसे के बाद रेलवे रोड के व्यापारी आक्रोशित हो उठे। व्यापारियों ने अपर नगर आयुक्त का घेराव करते हुए कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। व्यापारियों का आरोप है कि बिना सुरक्षा मानकों के खुदाई का काम किया जा रहा है। घनी आबादी और व्यस्त बाजार होने के बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। निर्माण कार्य की कछुआ चाल से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है।

# जिसकी खातिर पति को छोड़ा, उस प्रेमी ने दिया धोखा, आहत प्रेमिका ने खा लिया जहर

बरेली में एक युवती ने प्रेमी की खातिर अपने पति को छोड़ा, लेकिन प्रेमी ने उसे धोखा दे दिया। इससे आहत युवती ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उसने अपने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बरेली के थाना कैंट क्षेत्र निवासी एक युवती ने अपने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिला अस्पताल में भर्ती युवती ने पड़ोस में रहने वाले युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, ब्लैकमेल और जान लेने की कोशिश का आरोप लगाया है। पीड़ित युवती के अनुसार, करीब तीन साल पहले मुजीब से उसकी मुलाकात हुई थी। वह पड़ोस में किराए पर रहता था। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। इस बीच मुजीब ने शादी का वादा किया।होटलों में ले जाकर किया यौन शोषण – युवती का आरोप है कि इसी भरोसे पर वह उसे कई बार होटलों में ले गया और जबरन संबंध बनाता रहा। पीड़िता का कहना है कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपने साथियों के साथ उसके घर आया और रिश्ता तय कर 15 अप्रैल की तारीख भी तय कर दी गई लेकिन 13 अप्रैल को वह शादी से मुकर गया और उसके अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। विरोध करने पर पीड़िता और उसकी मां से फोन पर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। 18 अप्रैल को आरोपी ने उसे जबरन बाइक पर बैठाकर ले जाने की कोशिश की, लेकिन शोर मचाने पर मौके से भाग गया।आत्महत्या के लिए उकसाया – पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया और अपने भाई के जरिए ज़हर भिजवाकर उसे खाने पर मजबूर किया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। पीड़िता का कहना है कि मुजीब से प्रेम संबंध के चलते उसने अपने पति को भी छोड़ दिया था, लेकिन अब न तो प्रेमी ने साथ दिया और न ही पति का उसका सहारा रहा। उसका आरोप है कि मुजीब ने सोची समझी साजिश के तहत उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी। पीड़िता ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच में जुटी है।

## संक्षिप्त समाचार

# कर्मचारियों की हड़ताल बीसवें दिन भी जारी

क्यूँ न लिखूँ सच / हाकम सिंह रघुवंशी/ पिछले 7 माह से वेतन न मिलने के कारण एस ए टी आई पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लगभग 120 कर्मचारी भीषण गर्मी में लगातार हड़ताल पर बैठे हुए हैं इस भीषण गर्मी के कारण कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है एवं कई कर्मचारियों का स्वास्थ्य बिगड़ चुका है, लेकिन कर्मचारियों का कहना है की यह हमारी आजीविका का सवाल है इसलिए हम हाथ पर हाथ रखकर नहीं बैठ सकते अत: जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं की जाएगी हम यहां से नहीं हटेंगे। आज धरना स्थल पर संस्था के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके सेवानिवृत्त श्री हरी बाबू शर्मा ने आकर सभी कर्मचारियों से संपर्क किया एवं कर्मचारियों को अपना समर्थन व्यक्त किया उन्होंने कहा की अत्यंत खेद का विषय है की इस गौरवशाली संस्था को आज यह दुर्दिन देखना पड़ रहे हैं। संस्था के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश पीडब्ल्यूडी सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह राजपूत ने भी धरना स्थल पर आकर सभी कर्मचारियों से बातचीत की एवं इन परिस्थितियों पर अत्यंत खेद प्रकट किया तथा अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। शिवसेना पदाधिकारीयों ने अपने साथियों के साथ आज दुर्गा नगर चौराहे से एस ए टी आई गेट तक विरोध प्रदर्शन किया एवं संस्था में आकर कर प्राचार्य को एक मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेंट किया।




# लखनऊ में प्रेमी के साथ रह रही महिला का शव झोपड़ी में मिला, चार महीने पहले पति से अलग हुई थी

ठाकुरगंज के लालाबाग इलाके में प्रेमी के साथ रह रही महिला का शव झोपड़ी में संदिग्ध हालात में मिला। परिजनों ने प्रेमी पर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गया। मामले की जांच जारी है और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं।ठाकुरगंज के रिंग रोड स्थित लालाबाग इलाके में शुक्रवार देर रात हरदोई के अतरौली के गौर गांव निवासी नीलम सक्सेना (42) का शव संदिग्ध हालात में खाली प्लॉट में बनी झोपड़ी में पड़ा मिला। भाई ने नीलम के प्रेमी संजय गौतम पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।नीलम के भाई ठाकुरगंज के मिश्री बगिया निवासी नरेश के अनुसार चार माह पहले नीलम का पति संजय सक्सेना से अलगाव हो गया था। उनकी तीन बेटियां हरदोई के अतरौली हयातगंज स्थित ननिहाल में रह रही हैं। नीलम कुछ समय से हरदोई के अतरौली कौड़िया निवासी प्रेमी संजय गौतम और आठ साल की बेटी निधि के साथ लिवइन में रहकर मजदूरी करती थी। शुक्रवार देर रात नीलम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शनिवार भोर में उनको खबर मिली कि नीलम की मौत हो गई है। खबर पाकर नीलम के भाई व अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। भाई का कहना है कि बहन का शव नीला पड़ चुका था। उन्होंने बहन की हत्या की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही प्रेमी भाग निकला- हत्या की सूचना मिलते ही ठाकुरगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही प्रेमी संजय गौतम वहां से भाग निकला। पुलिस ने छानबीन के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुला लिया। भाई ने प्रेमी संजय गौतम पर बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह ने बताया कि शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। बेटी का आरोप गला दबाया था- नीलम की आठ साल की बेटी निधि के मुताबिक शुक्रवार रात में मां खाना खाकर सो गई थी। इसी बीच रात में संजय गौतम ने मां का गला दबा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। संजय गौतम दवा लाने का बहाना कर भाग निकला। इसके बाद उसे भी नींद आ गई। शनिवार भोर जब वह जागी तो देखा कि मां की मौत हो चुकी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# LPG Gas OTP: If you haven't received your DAC number after booking, will you not receive your gas cylinder? Learn the rules.

After booking an LPG cylinder, you need a DAC number when receiving delivery. However, if you don't receive this DAC number, do you know where you can complain? While many countries are facing LPG gas and petrol-diesel shortages due to the ongoing tensions in the Middle East, this is not the case in India. The Indian government has clarified that there is no shortage of anything in the country, from LPG gas to petrol-diesel. While the government has admitted that it is taking longer than before for gas cylinders to reach people, everyone is receiving them. Furthermore, the government has made the DAC number mandatory for gas cylinder delivery. However, if you don't receive your DAC number at the time of booking, will you not receive your gas cylinder? Can you complain? Let's find out what the rules are regarding DAC numbers...What is a DAC number? A DAC number is an OTP – you need this code when taking delivery of an LPG cylinder. You tell the delivery person the DAC number, and they then give you the gas cylinder. What if your DAC number doesn't arrive after booking? First method: You can check your DAC number yourself through your gas agency's app. For example, if you're an Indane customer, you need to open the IndianOil One app, then go to Refill History, and from there you can check your DAC number. Second method: If you haven't received your DAC number, you can enlist the help of a delivery person. You can ask the delivery person to regenerate the DAC number through the app. You can then take delivery of the gas cylinder using this new DAC number. Third method: Even if your mobile number is disabled, you can still get a DAC number. For this, you need to tell the delivery person your new mobile number. They will update this new mobile number, and you will then receive a new DAC number. This means that even if you haven't received your DAC number after booking, you can still get your gas cylinder. For this, you just need to be aware of the methods mentioned above.



# Is your body swelling? Is it a sign of a serious illness?

Inflammation is a natural process that occurs when your immune system responds to injury, infection, or damage. However, when this swelling persists for a long time, it can become the root cause of many serious diseases. Have you ever noticed mild swelling in your hands, feet, or face? We often ignore it, considering it normal. However, if this swelling persists for a long time, be careful; it can be a sign of a serious problem. In case of injury, infection, or increased toxins in the body, the immune system produces inflammation to protect the body. This is a natural and protective response. However, if swelling persists without any injury or infection, it can damage healthy tissues, increasing the risk of serious diseases. For example, if swelling is visible in the body, it should not be ignored at all. It's important to understand its causes. Is it a sign of a serious illness? Health experts say that problems with the heart, kidneys, liver, or hormones can also cause inflammation. Swelling isn't always accompanied by pain, so people don't take it seriously. However, if it occurs repeatedly or persists for a long time, it could be a physical alarm. Edema is swelling caused by excess fluid accumulation in body tissues. Inflammation is the immune system's response to injury or irritation. Experts believe that inflammation can contribute to a variety of chronic diseases. It significantly increases the risk of metabolic syndrome, which can lead to problems like type 2 diabetes, heart disease, and obesity. Are you also a victim of this problem? Chronic inflammation – Chronic inflammation, meaning long-lasting inflammation, can have many causes. Inflammation occurs when the body detects something that shouldn't be there. Hypersensitivity to foreign substances can lead to allergies and inflammation. Sometimes, chronic inflammation can be caused by prolonged exposure to irritants, such as chemicals. In autoimmune disorders, the immune system mistakenly attacks the body's healthy cells, further increasing inflammation. Several conditions can increase your risk of inflammation. Advancing age, obesity, or dietary restrictions, such as high fat and sugar intake, can also increase your risk. Smoking, stress, or sleep problems can also be factors. Is this a sign of a serious illness? Chronic inflammation is often linked to several serious diseases. Severe inflammation can lead to the development of atherosclerosis (plaque), increasing the risk of heart attack and stroke. Persistent inflammation can damage DNA and promote cancer. When the immune system mistakenly attacks healthy tissue, it can lead to diseases like rheumatoid arthritis. Chronic inflammation can cause insulin resistance, which is thought to increase the risk of type 2 diabetes.



# Mango City of India: This city boasts the most delicious mangoes, attracting crowds every year.

Malda in West Bengal is known as the Mango City because it produces famous mangoes like Fazli, Himsagar, and Langra. It is one of India's major mango-producing regions. What is a Mango City?: With the arrival of summer, the aroma of mangoes permeates every home. Different varieties of mangoes are grown in different parts of the country. However, there is one city that is renowned as the Mango City. It produces a large quantity of high-quality mangoes every year. Its Fazli, Himsagar, and Langra mangoes are famous throughout the country. Surrounded by mango orchards, this city is not only a treasure trove of the taste and aroma of mangoes, but also a wonderful tourist destination. This summer, be sure to visit the country's famous mango city. Let's learn how and when to travel there and what you can do to see and explore. Before planning a great mango trip, be sure to read this article. Which city in India is called the Mango City? Malda in West Bengal is known as the Mango City. The mangoes grown here are famous throughout the country. Why is Malda called the Mango City? Malda is one of the largest mango-producing regions in India. The climate and soil are ideal for mango cultivation. Thousands of tons of mangoes are produced here every year, earning it the title of Mango City. Famous Mangoes of Malda - Malda is home to many excellent varieties of mangoes, including: Fazli Mango - large and juicy; Himsagar - sweet and fiberless; Langra - deep and aromatic in taste. When and How to Visit Malda - The best time to visit Malda is between May and July, when mangoes are in season. You can easily reach here by train or road. The nearest airport is in Kolkata. Key places to visit in Malda - Malda is known not only for its mangoes but also for its historical sites. Adina Mosque - Built by Sultan Sikandar Shah. Its granite columns and beautiful arches are worth seeing. Firoz Minar - Built by Sultan Saifuddin Firoz Shah, this minaret stands 26 meters high. It is a five-story tower known for its terracotta carvings. Gaur - A historic city that was formerly the capital of Bengal. Memories of the old Sultanate and Mughal eras remain in the form of mosques and ruins. Mango Buying and Trip Tips - Buy mangoes directly from the orchards. Bargain in local markets. Be careful when packing. Shop in the morning.



